**Q1.** "भारत में आधुनिक कानून की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पर्यावरणीय समस्याओं का संविधानीकरण है ।" सुसंगत वाद विधियों की सहायता से इस कथन की विवेचना कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

"The most significant achievement of modern law in India is the constitutionalization of environmental problems by the Supreme Court." Discuss this statement with the help of relevant case laws.

(Answer in 150 words) *10*

**Q2.** "भारत के सम्पूर्ण क्षेत्र में निवास करने और विचरण करने का अधिकार स्वतंत्र रूप से सभी भारतीय नागरिकों को उपलब्ध है, किन्तु ये अधिकार असीम नहीं हैं ।" टिप्पणी कीजिए ।

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

"Right of movement and residence throughout the territory of India are freely available to the Indian citizens, but these rights are not absolute." Comment.

(Answer in 150 words) *10*

**Q3.** आपकी राय में, भारत में शक्ति के विकेन्द्रीकरण ने जमीनी-स्तर पर शासन-परिदृश्य को किस सीमा तक परिवर्तित किया है ? (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

To what extent, in your opinion, has the decentralisation of power in India changed the governance landscape at the grassroots ? (Answer in 150 words) *10*

**Q4.** राज्य सभा के सभापति के रूप में भारत के उप-राष्ट्रपति की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the role of the Vice-President of India as the Chairman of the Rajya Sabha. (Answer in 150 words) *10*

**Q5.** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सांविधिक निकाय से संवैधानिक निकाय में रूपांतरण को ध्यान में रखते हुए इसकी भूमिका की विवेचना कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the role of the National Commission for Backward Classes in the wake of its transformation from a statutory body to a constitutional body.

(Answer in 150 words) *10*

**Q6.** गति-शक्ति योजना को संयोजकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र के मध्य सतर्क समन्वय की आवश्यकता है । विवेचना कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

The Gati-Shakti Yojana needs meticulous coordination between the government and the private sector to achieve the goal of connectivity. Discuss.

(Answer in 150 words) *10*

**Q7.** दिव्यांगता के संदर्भ में सरकारी पदाधिकारियों और नागरिकों की गहन संवेदनशीलता के बिना दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 केवल विधिक दस्तावेज़ बनकर रह जाता है। टिप्पणी कीजिए। (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

The Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 remains only a legal document without intense sensitisation of government functionaries and citizens regarding disability. Comment. (Answer in 150 words) *10*

**Q8.** प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के माध्यम से सरकारी प्रदेय व्यवस्था में सुधार एक प्रगतिशील क़दम है, किन्तु इसकी अपनी सीमाएँ भी हैं। टिप्पणी कीजिए। (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Reforming the government delivery system through the Direct Benefit Transfer Scheme is a progressive step, but it has its limitations too. Comment.

(Answer in 150 words) *10*

**Q9.** 'भारत श्रीलंका का बरसों पुराना मित्र है।' पूर्ववर्ती कथन के आलोक में श्रीलंका के वर्तमान संकट में भारत की भूमिका की विवेचना कीजिए। (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

'India is an age-old friend of Sri Lanka.' Discuss India's role in the recent crisis in Sri Lanka in the light of the preceding statement. (Answer in 150 words) *10*

**Q10.** आपके विचार में क्या बिमस्टेक (BIMSTEC) सार्क (SAARC) की तरह एक समानांतर संगठन है? इन दोनों के बीच क्या समानताएँ और असमानताएँ हैं? इस नए संगठन के बनाए जाने से भारतीय विदेश नीति के उद्देश्य कैसे प्राप्त हुए हैं? (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Do you think that BIMSTEC is a parallel organisation like the SAARC? What are the similarities and dissimilarities between the two? How are Indian foreign policy objectives realized by forming this new organisation?

(Answer in 150 words) *10*

**Q11.** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत संसद अथवा राज्य विधायिका के सदस्यों के चुनाव से उभरे विवादों के निर्णय की प्रक्रिया का विवेचन कीजिए। किन आधारों पर किसी निर्वाचित घोषित प्रत्याशी के निर्वाचन को शून्य घोषित किया जा सकता है? इस निर्णय के विरुद्ध पीड़ित पक्ष को कौन-सा उपचार उपलब्ध है? वाद विधियों का सन्दर्भ दीजिए। (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the procedures to decide the disputes arising out of the election of a Member of the Parliament or State Legislature under The Representation of the People Act, 1951. What are the grounds on which the election of any returned candidate may be declared void? What remedy is available to the aggrieved party against the decision? Refer to the case laws.

(Answer in 250 words) *15*

**Q12.** राज्यपाल द्वारा विधायी शक्तियों के प्रयोग की आवश्यक शर्तों का विवेचन कीजिए । विधायिका के समक्ष रखे बिना राज्यपाल द्वारा अध्यादेशों के पुनःप्रख्यापन की वैधता की विवेचना कीजिए ।

(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the essential conditions for exercise of the legislative powers by the Governor. Discuss the legality of re-promulgation of ordinances by the Governor without placing them before the Legislature. (Answer in 250 words) 1

**Q13.** "भारत में राष्ट्रीय राजनैतिक दल केन्द्रीयकरण के पक्ष में हैं, जबकि क्षेत्रीय दल राज्य-स्वायत्तता के पक्ष में ।" टिप्पणी कीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

"While the national political parties in India favour centralisation, the regional parties are in favour of State autonomy." Comment. (Answer in 250 words) 1

**Q14.** भारत और फ्रांस के राष्ट्रपति के निर्वाचित होने की प्रक्रिया का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Critically examine the procedures through which the Presidents of India and France are elected. (Answer in 250 words) 15

**Q15.** आदर्श आचार-संहिता के उद्भव के आलोक में, भारत के निर्वाचन आयोग की भूमिका का विवेचन कीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the role of the Election Commission of India in the light of the evolution of the Model Code of Conduct. (Answer in 250 words) 15

**Q16.** कल्याणकारी योजनाओं के अतिरिक्त भारत को समाज के वंचित वर्गों और ग़रीबों की सेवा के लिए मुद्रास्फीति और बेरोज़गारी के कुशल प्रबंधन की आवश्यकता है । चर्चा कीजिए ।

(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Besides the welfare schemes, India needs deft management of inflation and unemployment to serve the poor and the underprivileged sections of the society. Discuss. (Answer in 250 words) 15

**Q17.** क्या आप इस मत से सहमत हैं कि विकास हेतु दाता अभिकरणों पर बढ़ती निर्भरता विकास प्रक्रिया में सामुदायिक भागीदारी के महत्त्व को घटाती है ? अपने उत्तर के औचित्य को सिद्ध कीजिए ।

(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Do you agree with the view that increasing dependence on donor agencies for development reduces the importance of community participation in the development process ? Justify your answer. (Answer in 250 words) 15

**Q18.** स्कूली शिक्षा के महत्त्व के बारे में जागरूकता उत्पन्न किए बिना, बच्चों की शिक्षा में प्रेरणा-आधारित पद्धति के संवर्धन में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 अपर्याप्त है । विश्लेषण कीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

The Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 remains inadequate in promoting incentive-based system for children's education without generating awareness about the importance of schooling. Analyse.

(Answer in 250 words) *15*

**Q19.** I2U2 (भारत, इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका) समूहन वैश्विक राजनीति में भारत की स्थिति को किस प्रकार रूपांतरित करेगा ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

How will I2U2 (India, Israel, UAE and USA) grouping transform India's position in global politics ? (Answer in 250 words) *15*

**Q20.** 'स्वच्छ ऊर्जा आज की ज़रूरत है ।' भू-राजनीति के सन्दर्भ में, विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय मंचों में जलवायु परिवर्तन की दिशा में भारत की बदलती नीति का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

'Clean energy is the order of the day.' Describe briefly India's changing policy towards climate change in various international fora in the context of geopolitics. (Answer in 250 words) *15*